तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025





11 4 लाख 50 हजार की मरम्मत राशि हजम



12 प्रशासन पहुंचा पीएम आवास के हितग्राही के द्वार




## खबर संक्षेप

### मंडी की जमीन में सुरक्षा बल काबिज, पर नहीं मिल रहा किराया

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग की 3 मंडी एवं 2 उप मंडी के लगभग 39.05 एकड़ जमीन में वर्षों से सुरक्षा बलों का कब्जा है। बीजापुर मंडी का 11 एकड़, नारायणपुर मंडी का ढाई एकड़, कोंडागांव मंडी का 9 एकड़, भोपालपटनम उप मंडी का 15 एकड़ एवं दोरनापाल उप मंडी का 2 एकड़ जमीन वर्ष 2005 से सुरक्षा बल तैनात हैं। बताया जा रहा है कि नक्सल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इसके चलते लगभग वर्षों से मंडी में उपज की आवक कमी एवं आय प्रभावित हो रही है। मंडी सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों की ओर से मंडी को कब्जे की जमीन का अब तक किराया नहीं दिया जा रहा है। हालांकि कुछ वर्ष पूर्व मंडी की ओर से पुलिस से कब्जे का किराया मांगने का प्रयास किया पर कोई जवाब नहीं मिला। कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने संबंधित मंडी सचिवों को निर्देश दिया कि सुरक्षा बलों द्वारा कब्जा की जमीन का किराया मांगे।

### अनियमितता, 3 कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस

**बीजापुर।** जांच में मिली अनियमितता, 3 कृषि केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संचालक कृषि के निर्देशानुसार जिले में संचालित उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का लगातार जांच जारी है। उप संचालक कृषि प्रताप सिंह कुसरे के नेतृत्व में निरीक्षकों द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड संचालित विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर अनियमितता पर कार्रवाइ की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर 3 कृषि केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

बीजापुर विकासखण्ड में निरीक्षक उग्रेश कुमार देवांगन (सहायक संचालक कृषि) एवं मरकेला श्रीनिवास (कृषि विकास अधिकारी) द्वारा ग्राम मांझीगुड़ा में संचालित धुरवा कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केन्द्र में निर्धारित प्रारुप में स्कंध पंजी का संधारण, मुल्य सूची का प्रदर्शन, दैनिक उपलब्ध स्टॉक सूची का प्रदर्शन नहीं पाया गया। इसी तरह विकासखण्ड़ भोपालपटनम में उप संचालक कृषि प्रताप सिंह कुसरे के नेतृत्व में निरीक्षक चुनेन्द्र प्रकाश देवांगन (अनुविभागीय कृषि अधिकारी) द्वारा बालाजी ट्रेडर्स, मद्देड़ एवं लक्ष्मी मार्केटिंग एण्ड कृषि सेवा केन्द्र, मद्देड़ का निरीक्षण किया गया।

# सौर ऊर्जा से जगमगाया बस्तर का बेस्ट टूरिज्म विलेज धुड़मारास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाला छोटा सा आदिवासी गांव धुड़मारास आज विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा दुनिया के 20 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में शामिल, यह गांव अब पर्यावरणीय संरक्षण और सतत विकास का मॉडल बनकर उभरा है।

प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक जीवनशैली से परिपूर्ण यह गांव, अब सौर ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर अंचल में पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ स्थानीय सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। धुड़मारास गांव में क्रेडा द्वारा सौर ऊर्जा आधारित विभिन्न परियोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर स्वच्छ पेयजल, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था और शैक्षणिक संस्थानों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के माध्यम से गांव में 3 नग सोलर ड्यूल पम्प की स्थापना कर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। 2 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्र की स्थापना कर रात्रिकालीन प्रकाश की व्यवस्था की गई है। ग्राम की गलियों में सोलर पावर स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में सौर ऊर्जा आधारित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश राणा द्वारा परियोजनाओं की निरंतर निगरानी कर कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से ▶▶| शेष पेज 10 पर

**धुड़मारास गांव बना विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल, 20 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में एक**



### बांस राफ्टिंग जैसी गतिविधियां

धुड़मारास गांव में ईको-पर्यटन विकास समिति द्वारा कांगेर नदी में कयाकिंग और बांस राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पर्यटकों हेतु प्रतीक्षालय, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास भी ग्रामीण स्तर पर किया जा रहा है। राज्य शासन के वन एवं पर्यटन विभाग द्वारा धुड़मारास को ईको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं। इसी तर्ज पर नागलसर एवं नेतानार जैसे गांवों में भी ईको पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। धुड़मारास की सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि शासन की योजनाएं सामुदायिक सहभागिता के साथ लागू की जाएं, तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास संभव है। यह गांव अब पूरे बस्तर अंचल के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुका है।

## प्राइवेट बस एसोसिएशन की 4 दिनों से हड़ताल, बस्तर से ओडिशा आवागमन प्रभावित

# जैपुर- किरंदुल के बीच यात्रियों के लिए दी गई विशेष ट्रेन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्वतट रेलवे के रायगड़ा रेल मंडल के किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन अंतर्गत कोरापुट और जैपुर के मध्य मल्लिगुड़ा-जरटी स्टेशन के बीच गत 2 जुलाई को भारी बारिश के चलते पहाड़ से करीब 25 हजार घन मीटर मिट्टी और चट्टानों का मलबा रेल ट्रैक पर गिरने से केके मार्ग उस दौरान बाधित रही। दो दिन के पश्चात 4 जुलाई की देर शाम को बाधित लाइन बहाल कर दिया गया था। लेकिन 4 जुलाई से सप्ताह भर बाद भी किरन्दुल से कोरापुट के मध्य यात्री ट्रेनो का परिचालन बंद है। इधर ओडिशा प्राइवेट बस एसोसिएशन के हड़ताल पर चले जाने से छत्तीसगढ़ के बस्तर से ओडिशा का सड़क सम्पर्क भी लगभग खत्म सा हो गया। हालांकि पूर्वतट रेलवे के पहल पर बस्तर के यात्रियों को फौरी तौर पर राहत देते पिछले 4 दिनों से किरन्दुल से जैपुर के मध्य स्पेशल पैसेंजर ट्रेन की सेवा दे रही है। जैपुर से कोरापुट जाने ओडिशा में सरकारी बसों का संचालन होने से यात्रियों को थोड़ी राहत मिली है। कोरापुट से ट्रेन के जरिये भुवनेश्वर, हावड़ा, राउरकेला, विशाखापटनम जाने कोरापुट से समलेश्वरी, राउरकेला, हीराखण्ड एवं नाईट एक्सप्रेस ट्रेन समेत पेसेंजर ट्रेन पिछले 5 जुलाई से नियमित रूप से संचालित हो रही है।

विदित हो कि छत्तीसगढ़ में शतप्रतिशत प्राइवेट बस का संचालन होता है। इसलिए बस्तर से ओडिशा जाने लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बसों का परिचालन बंद होने से एकमात्र स्पेशल पेसेंजर ट्रेन में भारी भीड़ होने से यात्रियों को कभी-कभी जगदलपुर से जैपुर तक खड़े-खड़े सफर करना पड़ रहा है। रेल मंडल विशाखापटनम ने स्पेशल पैसेंजर का संचालन अवधि बढ़ाने से बस्तर के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेल मंडल 11 जुलाई याने 8 दिनों के बाद भी किरन्दुल और जगदलपुर से चलने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस, किरंदुल से विशाखापटनम पैसेंजर, जगदलपुर से राउरकेला इंटरसिटी एक्सप्रेस, जगदलपुर से भुवनेश्वर जाने वाली हीराखण्ड एक्सप्रेस और किरन्दुल से विशाखापटनम जाने वाली नाईट एक्सप्रेस ट्रेनों को बंद रखा है।






### विशेष सेवा का लें लाभ

विशेष ट्रेनें जैपुर-किरंदुल के बीच विशाखापटनम रेल मंडल के सीनियर डिवीजन कमर्शियल मैनेजर के संदीप ने जानकारी देते बताया विशाखापटनम - किरंदुल- विशाखापटनम पैसेंजर के निर्धारित समय और निर्धारित स्टॉपेज पर चलेंगी। उक्त स्पेशल पैसेंजर ट्रेन में सामान्य श्रेणी के डिब्बे 8, द्वितीय श्रेणी सह सामान डिब्बे है एसडीकेएम संदीप ने यात्रियों से अनुरोध करते कहा कि वे इन विशेष रेल सेवाओं का लाभ उठाएं।

### स्पेशल पैसेंजर ट्रेन परिचालन की अवधि बढ़ायी

गुरुवार को विशाखापटनम रेल मंडल ने नया आदेश जारी करते स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का समय सारिणी तय किया है। जिसके अनुसार जैपुर और किरंदुल के बीच यात्रियों को आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए,पूर्व तट रेलवे ने 58501/58502 विशाखापटनम-किरंदुल- विशाखापटनम पैसेंजर ट्रेन के समय और ठहराव को 11 जुलाई से बढ़ाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 08501 जैपुर-किरंदुल पैसेंजर स्पेशल 11 से 13 जुलाई तक जैपुर से 14.50 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 20.45 बजे किरंदुल पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 08502 किरंदुल-जयपुर पैसेंजर स्पेशल 12 से 14 जुलाई तक किरंदुल से सुबह 6 बजे प्रस्थान करेगी और 11.40 बजे जयपुर पहुँचेगी।

## जिले की 54 स्कूल बसों का पंजीयन होगा निलंबित



**जगदलपुर।** परिवहन विभाग के आरटीओ एवं परिवहन निरीक्षक ने 14 जून एवं 5 जुलाई को बस्तर जिले के स्कूल बसों को जांच किया गया। इस दौरान अब तक लगभग 54 स्कूल बस नहीं पहुंचे, जिससे आरटीओ ने संबंधित स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया कि अपने स्कूल के बसों की जांच कराएं। आरटीओ कार्यालय में नहीं पहुंचने पर 54 स्कूल बसों का पंजीयन शीघ्र ही निलंबित किया जाएगा। बताया कि सुप्रीम कोर्ट के दिए गए गाइडलाइंस के अनुसार स्कूल बसों में स्पीड लिमिट डिवाइस, व्हीएलटी डिवाइस, सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य समस्त उपकरण लगाकर आड़ावाल स्थित आरटीओ कार्यालय में समस्त दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटी डिवाइस, पेनिक बटन एवं खिड़की में जाली होना चाहिए। परिवहन विभाग के निरीक्षक एसके झा ने बताया कि जांच में नहीं पहुंचे स्कूल बसों को स्कूल परिसर में जाकर जांच कर जब्त की जाएगी।

- जांच में नहीं पहुंची बसें प्रबंधन को आरटीओ ने दी नोटिस

### ब्लैक लिस्टेड होंगी स्कूल बस

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि जांच में नहीं पहुंचने वाले स्कूल बसों के परमिट, फिटनेस निरस्त करते हुए ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की जाएगी।

## कावड़ यात्रा मार्ग में मांस मदिरा दुकानें बंद हो : बजरंग दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा जिले के समस्त विकासखंडों में प्रत्येक सोमवार को कावड़ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आज प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रशासन से निम्न बिंदुओं पर सहयोग की मांग की गई जिसमें यात्रा मार्गों पर समुचित यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आपात स्थिति के लिए एम्बुलेंस एवं प्राथमिक चिकित्सा दल तैनात किए जाएं। श्रद्धालुओं की भावना का सम्मान करते हुए यात्रा मार्गों पर स्थित मांस-मदिरा की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखा जाए। कावड़ यात्रा कार्यक्रम प्रथम सोमवार जगदलपुर से प्राचीन देवड़ा शिव मंदिर, द्वितीय सोमवार जगदलपुर से रामपाल शिव मंदिर रामायणकालीन, ▶▶| शेष पेज 10 पर

- विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने जिला प्रशासन को सौंपा मांगपत्र



## जलजनित रोगों से बचने लोगो में जन जागरुकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर गुरु गोविंद सिंह वार्ड के अगहनपुर स्कूल मे शुक्रवार को सुबह मच्छरदानी वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने किया। शहर के सभी 48 वार्डों में निर्धारित तिथि अनुसार जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है। मलेरिया, डेंगू, जापानी बुखार, फाइलेरिया, चिकनगुनिया एवं येलो फीवर से बचने के लिए मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को भी मच्छरदानी वितरण किया गया जिसमें मंजू प्रिया नाग, सोनमती कश्यप, कुमारी नाग, कुमारी कश्यप, माया घोष थे। वार्ड मे 300 परिवारजनों को मच्छरदानी वितरण किया गया।

खेमसिंह ने कहा मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों को रोकने की दिशा मे किये जा रहे प्रयास मे यह मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है। लोगों मे जन जागरूकता जरूरी है। योगेंद्र पांडे ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता और समय पर बचाव ही बीमारियों से सुरक्षा की कुंजी है। नगर मंडल पूर्वी अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने भी अपनी ▶▶| शेष पेज 10 पर

- गुरु गोविंद सिंह वार्ड में मच्छरदानी का वितरण



## जंगल में हुआ प्यार, अब चाहते है खुशहाल जिंदगी बसर करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दो दिन पूर्व बीजापुर जिले में समर्पण करने वाले नक्सली अमित व अरूणा ने अपने एकतरफा प्यार की कहानी बताते हुए कहा कि समर्पण के बाद वे अब बिना भय के खुशहाल जिंदगी बसर करना चाहते है। जंगल में रहने के दौरान दोनों में प्यार हुआ इसके बाद नसबंदी फिर विवाह भी हुआ लेकिन बच्चे की चाहत व खुशहाल जिंदगी की चाहत के चलते दोनों ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए।

हम बात कर रहे है समर्पित नक्सली अमित व अरूणा की संगठन में अमित डीवीसीएम व अरूणा एसीएम कैडर के थे जिन पर 8 लाख व 5 लाख का ईनाम घोषित था। अमित बारसा सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके का रहने वाला है। वहीं उसकी पत्नी अरूणा लेकाम बीजापुर जिले की रहने वाली है।

अमित ने बताया कि मेरी मां अकेली है पिता, भाई, बहन कोई नहीं है जब वह लगभग 12 साल का था तभी एसीएम लिंगे उसे अपने साथ नक्सल संगठन में शामिल करने ले गई थी। उसी ने हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया। इसके बाद उसे बस्तर के अलावा अबूझमाड़ व महाराष्ट्र के गढ़चिरौली भेजा गया। इस बीच उसे पोलित ब्यूरो सदस्य एक करोड़ के ईनामी वेणुगोपाल के सुरक्षा गार्ड में शामिल किया गया। इस दौरान वह अबूझमाड़ और गढ़चिरौली बॉर्डर पर ही थे। इसी बीच वर्ष 2019 से पहले गढ़चिरौली में एक पार्टी मीटिंग के दौरान अरूणा से उसकी मुलाकात हुई। अमित ने बताया कि पहली नजर में ही वो मुझे पसंद आ गई। संगठन की मीटिंग के दौरान वह खाने पीने का बंदोबस्त करने तथा गांव से सामान ▶▶| शेष पेज 10 पर

- एक करोड़ के ईनामी वेणुगोपाल के सुरक्षा गार्ड अमित व अरूणा ने बताई एकतरफा प्यार की कहानी



### बच्चे की चाहत व संगठन की पाबंदी के चलते किया समर्पण, अब कराएंगे रिवर्स नसबंदी

अमित व अरूणा ने बताया कि वे अब नसबंदी खुलवाएंगे। उन्हें बच्चे की चाहत है और दोनों आम लोगों की तरह परिवार के साथ रहना चाहते है। दोनों का कहना है कि वे अब खुलकर अपनी जिंदगी जीना चाहते है। अन्य लोगों की तरह मुख्यधारा में शामिल होकर जीना चाहते हैं। हथियार के साए में रहना नहीं चाहते। अब दोनों जंगल से दूर गांव में रहकर खेती किसानी कर मेहनत से खुशहाल जीवन जीना चाहते है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी बस्तर पुलिस ने कई समर्पित नक्सलियों का रिवर्स नसबंदी कराकर खुशहाल जिंदगी दे चुके है। नक्सल संगठन में रहने के दौरान साथ में काम करते हुए कई पुरूष नक्सलियों को महिला नक्सलियों से इश्क हो जाता है। वे टॉप नक्सलियों से इजाजत लेकर शादी कर लेते हैं। लेकिन शादी से पूर्व इन्हें नसबंदी करवानी पड़ती है। क्योंकि नक्सली संगठन में शादी करने की इजाजत तो है, लेकिन बच्चे पैदा करने की नहीं।

## भाषा की बगिया महकी बस्तर संभाग में दो दिवसीय बहुभाषा प्रशिक्षण संपन्न

# रोचक आइस-ब्रेकिंग गतिविधि ने वातावरण को जीवंत कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में भाषा और नवाचार की खुशबू उस समय और अधिक फैल गई जब अभिनंदन पार्क में दो दिवसीय संभाग स्तरीय बहुभाषा शिक्षण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। भाषा की बगिया में दो दिवस जहां अनुभव और सीख के फूल खिले थीम पर आधारित यह आयोजन न केवल एक प्रशिक्षण सत्र था,बल्कि एक सांस्कृतिक,शैक्षणिक और संवेदनशील संगम का अनुभव भी रहा।

इस प्रशिक्षण का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद के निर्देश पर डाइट बस्तर द्वारा किया गया, जिसमें बस्तर संभाग के सभी सात जिलों से चुने गए शिक्षकों ने भागीदारी की। प्रत्येक जिले से छह प्रतिभागी और एक नोडल अधिकारी ने प्रतिनिधित्व किया। प्रशिक्षण की शुरुआत अनोखे अंदाज़ में हुई जहां हर प्रतिभागी को अपने बगल में बैठे साथी का परिचय देना था। इस रोचक आइस-ब्रेकिंग गतिविधि ने वातावरण को जीवंत कर दिया। मंचासीन अतिथियों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, आत्मविश्वास और संप्रेषण शैली का उत्सुकता से अवलोकन किया। प्रशिक्षण में संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संजीव श्रीवास्तव ने शिक्षकों से सीधे संवाद करते हुए स्कूलों में भाषा शिक्षण से जुड़ी चुनौतियाँ पूछीं। शिक्षकों ने खुलकर अनुभव साझा किए। इसके पश्चात राज्य बहुभाषा संचालक डॉ रघु ने मातृभाषा से सुगम भाषा की ओर बच्चों की भाषा-यात्रा को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि भाषा केवल अभिव्यक्ति नहीं, आत्मविश्वास की सीढ़ी भी है।

**जब न्यूरॉन ने चौंकाया:** डॉ. सुशील राठौर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित सत्र में बाल मस्तिष्क के विकास और बहुभाषिकता की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि पर चर्चा की गई। उनकी एक पंक्ति ने सभी को चौंका दिया। एक बाल मस्तिष्क में 86 अरब न्यूरॉन होते हैं। पीछे से आई एक फुसफुसाहट बाप रे, इतने में तो पूरी पृथ्वी की जनसंख्या कवर हो जाए ने वातावरण को हल्का कर दिया।

**कोंडागांव जिले की प्रभावी उपस्थिति :** कोंडागांव जिले से नोडल श्रीनिवास नायडू के नेतृत्व में हरेराम पटेल,श्रवण मानिकपुरी, पुरुषोत्तम पोयाम,बृजलाल यादव और हेमदेव सोम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह आयोजन बहुभाषावाद को व्यवहारिक धरातल पर लागू करने की दिशा में एक सशक्त कदम था। यह प्रशिक्षण सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिक्षकों के अनुभवों, तर्कों और नवाचारों की साझेदारी का उत्सव बन गया।

- बस्तर संभाग के सभी सात जिलों से चुने गए शिक्षकों ने भागीदारी की




### सक्रियता और सीख पूनम वासम के संग

दोपहर की चाय के बाद आई पूनम वासम की सत्र ने फिर से सभी को सक्रिय किया। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से यह दर्शाया कि एक शिक्षक को पहले खुद एक छात्र बनना चाहिए।प्रशिक्षण में डॉ. डीकेश वर्मा और डॉ. सुशील राठौर ने भी प्रशिक्षण सत्रों का कुशल संचालन किया। डाइट बस्तर के प्राचार्य डॉ नितिन डडसेना ने बहुभाषा शिक्षण को समयानुकूल और आवश्यक बताया। डाइट बस्तर बहुभाषा के जिला समन्वयक राजेन्द्र कुमार जोशी ने पूरे कार्यक्रम की संचालन व्यवस्था सुचारू रूप से संभाली।समापन अवसर पर डॉ रघु और डॉ नितिन डडसेना द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**खबर संक्षेप**

## मुकेश ने लिया ईएण्डएम के ईई का प्रभार



**जगदलपुर।** रायपुर से पहुंचे मुकेश शुक्ला ने लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी जगदलपुर संभाग में कार्यपालन अभियंता का प्रभार लिया। उन्होंने बताया कि लंबित कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## महापौर एवं भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर



**जगदलपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महापौर एवं उनकी टीम का दोहरा मापदंड एवं चरित्र अब जगजाहिर हो चुका है। जब नगर निगम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता है,तब गरीब दुकानदारों और सामान्य नागरिकों पर महापौर का बुलडोजर बेरहमी से चलता है,लेकिन जब किसी रसूखदार या प्रभावशाली व्यक्ति के अतिक्रमण को हटाने की बारी आती है,तो वही महापौर और उनकी टीम पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपने की नौटंकी करने पहुंच जाते है। यह सीधा संकेत है कि नगर प्रशासन की कार्रवाई केवल कमजोर वर्ग के विरुद्ध ही की जाती है,जबकि प्रभावशाली लोगों को संरक्षण प्रदान किया जाता है। इसी प्रकार का दोहरा चरित्र आवारा पशु एवं स्वान के मुद्दे पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। महापौर एवं उनकी टीम आवारा मवेशियों के मालिकों से भारी-भरकम जुर्माना वसूलने की योजनाएं बना रहे हैं,जबकि शहर में आवारा स्वान के द्वारा बच्चों,महिलाओं एवं बुजुर्गों पर लगातार हमले हो रहे हैं, कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

## द साइलेंट थ्रेड का विमोचन आज

**जगदलपुर।** शहर के दलपत सागर के पास बस्तर हेरिटेज परिसर बस्तर आर्ट गैलरी में 12 जुलाई की शाम 4.30 बजे उपन्यास द साइलेंट थ्रेड का विमोचन किया जाएगा।

# सीधी भर्ती के तहत हुई नियुक्ति, 10 वर्ष के बाद भी नियमितीकरण से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल/जगदलपुर

बस्तर जिला स्कूल आश्रम छात्रावास शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ की पदयात्रा अभनपुर रायपुर तक पहुंच गई है । आदिम जाति कल्याण विभाग में पांचवी अनुसूची क्षेत्र विशेष भर्ती अभियान के तहत सीधी भर्ती के तहत नियुक्ति कर्मचारी जो की 10 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी नियमितकारण से आज तक वंचित हैं और वर्ष 2018 से ही अपने नियमितकारण की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। किंतु हमारी मांगों पर अब तक शासन, प्रशासन ने गंभीरता से नहीं ली न ही दिखाई है जिससे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हम कर्मचारियों ने 1 मई 2025 से जगदलपुर से रायपुर तक पदयात्रा कर शासन तक अपनी बात पहुंचाने का निर्णय लिया। 2 मई को पदयात्रा बनियागांव जिला कोंडागांव पहुंची थी । तभी विभागीय सहायक आयुक्त गणेश राम सोरी बनियागांव पहुंचकर संघ के प्रतिनिधिमंडल से वातार्लाप किया और प्रतिनिधि मंडल को जगदलपुर बुलाकर कलेक्टर के साथ वातार्लाप कराया गया और मांगों को एक माह में पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया गया था । जिसके बाद संघ ने अपनी पदयात्रा बनियागांव में स्थगित कर दिया था । परंतु डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा संघ प्रतिनिधियों को गुमराह किया जा रहा था जिसे देखते हुए संघ ने अपने सभी कर्मचारियों के साथ 24 जून से पुनः रायपुर के लिए पद यात्रा प्रारंभ किया जो 9 जुलाई को अभनपुर जिला रायपुर पहुंचने पर पुलिस प्रशासन द्वारा तुता नया रायपुर धरना स्थल पर जाने का निर्देश दिया गया। पदयात्रा तुता रायपुर पहुंचने के पश्चात 15 जुलाई को रायपुर विधानसभा घेराव किया जाएगा। यदि मांगों का निराकरण न होने की स्थिति में अन्य जल त्याग कर आमरण अनशन किया जायेगा ।

**मांगों का निराकरण नहीं होने पर 15 को विधानसभा घेराव एवं आमरण अनशन**



**नहीं ली सुध**

संघ को यह बताते हुये पीड़ा हो रही है कि हम कर्मचारियों के दल में दिव्यांग कर्मचारी और महिला कर्मचारी अपने बच्चों के साथ भारी बारिश के बीच लगभग 300 किलोमीटर के बाद पद यात्रा कर चुके हैं किंतु अभी तक ना शासन ना ही प्रशासन ने और ना ही किसी जनप्रतिनिधि ने हमारी सुध ली है न हीं वार्ता की पहल की ।

## अधिकारियों ने पीएम आवास हितग्राहियों की ली बैठक

# प्रशासन पहुंचा पीएम आवास के हितग्राही के द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



- मोर गांव मोर पानी महाअभियान -जल बचाने संकल्प लिया, स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही परिसर में पौधे रोपे गए

विकासखंड भैरमगढ़ से बारसूर होते हुए चित्रकूट जाने वाली मार्ग में लगभग 70 किलोमीटर दूरस्थ ग्राम पंचायत बेंगलूर स्थित है। इस ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 114 आवास स्वीकृत हुए है।

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने जिला पंचायत से शाखा प्रभारी अधिकारियों ने ग्राम पंचायत बेंगलूर पहुंचकर पीएम आवास हितग्राहियों की बैठक ली। बैठक में सरपंच रमली मंडावी की उपस्थिति में सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी एवं जिला समन्वयक गंभीर सिंह परिहार ने प्रत्येक हितग्राहियों के आवास की प्रगति की वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के साथ तकनीकी पहलुओं एवं राशि आबंटन की संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराते हुए निर्माणाधीन आवास को जल्द पूर्ण करने कहा गया। हितग्राहियों को आवास निर्माण में आने वाली समस्याओं को पूछते हुए निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई।



बैठक उपरांत पंचायत परिसर में ग्रामीणों द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जल बचाने संकल्प लेते हुए स्वच्छता शपथ भी लिया गया। जिला समन्वयक एसबीएम अमृत साहू ने जल के महत्व को बताते हुए महात्मा गांधी नरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन से प्रत्येक घर सोखता गड्ढा बनाने को कहा गया। पंचायत परिसर में एक पेड़ मां के नाम थीम पर ग्रामीणों द्वारा पौधे रोपे गए।

इस अवसर पर पीएम आवास ग्राम पंचायत नोडल जी पी नाग, ब्लॉक कोआडिनेटर विकास मंडावी, मनकू तेलम, ग्राम पंचायत सचिव सोहन के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सांई मंदिर में हुआ गुरू पूर्णिमा उत्सव...







**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा मार्ग स्थित शिरडी सांई मंदिर में साईं सेवा समिति ने 9 से 11 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा उत्सव किया गया। इसमें तीसरे दिन शुक्रवार को साई बाबा पुष्प अर्चना, तुलसी पूजन, सत्यनारायण पूजा किया गया। समिति ने प्राकृतिक प्रसाद के रूप में एक पौधा प्रकृति के नाम लगाएं पौधा मंदिर परिसर से दिया।

# गुरू पूर्णिमा पर अधिवक्ता परिषद ने की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



गुरू पूर्णिमा के अवसर पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा संघ कार्यालय में गुरू पूर्णिमा पर्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अधिवक्ताओं ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आरम्भ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और भगवा ध्वज को प्रणाम करते हुए किया। इस दौरान अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के संभागीय अध्यक्ष सपन देवांगन ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, क्योंकि इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों को चार भागों में विभाजित कर मानवता को ज्ञान का अमूल्य खजाना दिया। यही कारण है कि उन्हें सभी गुरुओं का गुरु माना जाता है। दिनेश पानीग्राही ने कहा कि गुरु, अज्ञान के अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और सही मार्ग दिखाते हैं। वे न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन करते हैं।

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष अर्पित मिश्रा ने कहा गुरु वह है जो ज्ञान दे। इस आधार पर व्यक्ति का पहला गुरु माता-पिता को माना जाता है। दूसरा गुरु शिक्षक होता है जो अक्षर ज्ञान करवाता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुरु भागवत ध्वज की विशेषताओं का वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीनिवास रथ ने किया। संगोष्ठी में अधिवक्ता परिषद के एल ईश्वर राव आरती दुआ, जयप्रकाश पाढ़ी, नितिन जैन, मलय झा, जयांश देवांगन, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

# चित्रगुप्त मंदिर के वार्षिक उत्सव पर हुआ सुंदरकांड का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




लालबाग में स्थापित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर के 10वीं वार्षिक उत्सव के अवसर पर शुक्रवार को मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

कायस्थ समाज के सचिव गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि बस्तर जिला में रियासत कालीन समय से स्थापित कायस्थ समाज के द्वारा लाल बाग में अपने इष्ट देव भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर का निर्माण कर वर्ष 2016 में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तथा प्रतिवर्ष 10 जुलाई को भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम समाज के द्वारा आयोजित किया जाता है। इस वर्ष मंदिर के 10वे वार्षिक उत्सव के अवसर पर प्रातः भगवान श्री चित्रगुप्त का अभिषेक, श्रंगार तथा आरती किया गया। उसके पश्चात संध्या 5 बजे हवन,पूजन व महाआरती करने के बाद संध्या 6 बजे से श्री चैतन्य संकीर्तन मंडली के द्वारा मंदिर में सुंदर कांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। उसके पश्चात भजन संध्या व आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसी के साथ आज के इस कार्यक्रम में विगत दिनों शहर के हाता ग्राउंड में सामाजिक एकता कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल कायस्थ समाज जगदलपुर के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को भी समाज को गौरांवित करने के लिए स्मृति चिन्ह देकर तथा कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वयोवृद्ध जनो को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

## कोबरा कमांडों शांति स्थापित करने एवं पर्यावरण संरक्षण में दे रहे योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ आईजी राकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में जगदलपुर में कोबरा कमांडेंट अमित चौधरी और संतोष कुमार मल्ल के नेतृत्व में कोबरा अधिकारियों और जवानों ने मिल कर पिछले कुछ हफ्तों में बीजों से सैंकड़ों पौधे अपनी नर्सरी में तैयार किए हैं जिन्हें मानसून के मौसम में छत्तीसगढ़ के अंदरूनी इलाकों में लगे एफओबी कैंपों में और उनके आसपास में लगाया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह की प्रेरणा से सीआरपीएफ पूरे भारत में करोड़ों वृक्ष लगा चुकी है। अब कोबरा कमांडों नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के साथ साथ छत्तीसगढ़ के पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे रहे हैं।



## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गुरु पूजन पर नगरनार मंडल में शिक्षको, चिकित्सक, सामाजिक कार्य कर समाज को नई दिशा देने वाले गुरुजनों का पूजन कर उनका सम्मान किया गया। नगरनार में निवासरत विभिन्न विषयों को लेकर अभी भी आवाज उठाने वाले राजा राम यादव सेवा निवृत्त शिक्षक, शिक्षक देव नाथ यादव, अर्जुन देवांगन, बुधराम देवांगन, केपी डे,बनमाली रायकवार, सुश्री संगीता मोन, एसएस तिवारी,डा रमाकांत त्रिवेदी, मंगल राम कुंवर,खम्हार गांव के शिव मंदिर पुजारी यादव का सम्मान किया गया। इस दौरान महेंद्र सेठिया, सुब्रतो विश्वास, पदलम नाग, सीमांचल दास, मोहन सेठिया, सविता सहनी, महामंत्री राजेश शर्मा, मनोज पटेल, माड़पाल सरपंच महादेव बकरा, लक्ष्मी घरत, राधेश्याम पंद्रे समेत अन्य उपस्थित रहे।

# दहेज नहीं, समर्पण चाहिए के तहत हुआ अनोखा विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जब समाज दिखावे और खचीर्ली रस्मों में उलझा हुआ है, एक अनोखा विवाह समारोह उम्मीद की किरण बनकर उभरा। संत रामपाल महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न इस दहेज मुक्त विवाह ने न केवल सामाजिक कुरीतियों को चुनौती दी, बल्कि एक नए युग की ओर पहला ठोस कदम भी बढ़ाया।

इस विवाह में न कोई बैंड-बाजा था, न बारात, न वरमाला, न ही कोई आडंबर-सिर्फ सच्ची श्रद्धा और सादगी थी। यह विवाह रमैणी विधिह्व के माध्यम से मात्र 17 मिनट में संपन्न हुआ। इस विधि में फेरों की जगह पूर्ण परमात्मा कबीर साहेब की स्तुति की जाती है, जिससे दंपती आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं।



तनु दासी और चंद्रभूषण दास का यह विवाह समारोह समाज में एक नया संदेश देने वाला रहा। न कोई लेन-देन, न दिखावा-बल्कि एक उद्देश्य था कि समाज से दहेज, बाल विवाह, भ्रूण हत्या और आत्महत्या जैसी कुप्रथाओं को जड़ से समाप्त किया जाए।

यह केवल एक विवाह नहीं, बल्कि एक आंदोलन था सादगी, समानता और आत्मिक सुधार का। संत रामपाल जी महाराज का उद्देश्य केवल सामाजिक रीतियों को बदलना नहीं, बल्कि जीवन की दिशा और सोच को सही मार्ग पर लाना है।

इस आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और उन्होंने इस पहल को मानवता की सेवा और सत्य ज्ञान का प्रतीक बताया।

आज जब दहेज के कारण बेटियों की हत्या हो रही है, तो ऐसे विवाह समारोह समाज के लिए जीवंत उदाहरण हैं कि सच्चा प्रेम और समर्पण किसी लेन-देन का मोहताज नहीं होता।

